# भावा

## औरतों' के विरुद्ध हिंसा सम्बन्धी कानून

## भावा क्या है?

औरतों' के विरुद्ध हिंसा का अधिनियम अमरीका में' 1994 में घरेलू हिंसा की शिकार औरतों की अमरीका में कानूनी रूप से रहने में सहायता करने के लिए बनाया गया 1 प्रतिदिन ऐसी शिकार औरतें इस डर से उन घरों से नहीं भाग पाती कि वे अमरीकी नागरिक अथवा कानूनी रूप से स्थाई निवासी उन के लिए ग्रीन कार्ड की याचिका दायर न कर के उन से बदला लेंगे 1 भावा ऐसे लोगों की अपने अपमानकर्तायों पर निर्भर न रह कर कानूनी स्तर के लिए याचिका देने में मदद करता है और यह कानून सताये गये मर्द या औरत दोनो पर लागू होता है1

यदि आप भावा के साथ याचिका दायर करते हैं तो आप स्थायी निवास, निर्वासन प्रकिया से सुरक्षा, जन कल्याण भत्ता और काम करने के योग्य हो सकते हैं1 आप की सुरक्षा के लिए भावा प्रकिया आप के अपमानकर्ता से गुप्त रखी जाती है1

यह आवश्यक है कि वकील के साथ पूरी बातचीत की जाए विशेष रूप से यदि आप का अपराधिक अथवा प्रवास भंग करने का इतिहास है1

### <u>यह कानूनी परामर्श नहीं है1</u>

हर याचिका हर व्यक्ति के हालात के हिसाब से अलग है1 यह निश्चित करने के लिए कि आप की याचिका **आप के** जीवन और **आपके** हालात पर पूरी रोशनी डाले, वकील उपलब्ध हैं1



**आप का प्रवासी स्तर आप पर अधिकार या नियंत्रण करने का साधन नहीं होना चाहिए1 घरों में अपमानित होने वालों के लिए तो अब और नहीं1**

## क्या आप योग्य हैं?

**<u>आप के प्रवासी स्तर की चिंता न करते हुए आप भावा के योग्य हो सकते हैं, यदि आप:</u>**

- किसी अमरीकी नागरिक या कानूनी रूप से स्थायी निवासी द्वारा अपमानित पति या पत्नी है
- अमरीकी नागरिक या कानूनी रूप से स्थायी निवासी द्वारा अपमानित बच्चे है (बच्चा अविवाहित और 21 वर्ष से कम हो)
- अमरीकी नागरिक या स्थाई निवासी का अपीड़ित पति या पत्नी जिस का बच्चा अमरीकी नागरिक या स्थाई निवासी द्वारा सताया गया हो1
- अमरीकी नागरिकता प्राप्त बेटा या बेटी के अपमानित मां बाप हैं (बेटा या बेटी 21 वर्ष से बड़ा हो)1

**<u>अतिरिक्त आवश्यकताएँ:</u>**

- अपमान करने वाला अमरीका का नागरिक या कानूनी रूप से स्थाई निवासी हो1
- आप के पति या पत्नी ने आप को विवाह के दौरान , अथवा आप के मां बाप, बेटा या बेटी ने किसी भी समय आप को अपमानित किया हो1
- आप के साथ निम्न किसी भी तरह की मारपीट या चरम क्रूरता हुई हो:
  -शारीरिक नुकसान की धमकी
  -वास्तविक शारीरिक नुकसान (मारना,घूंसा,तमाचा,ठोकर)
  -अपहरण
  -मानसिक दुर्व्यवहार
  -देश निकाला की धमकी
  -आप के बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकियां आदि.
- आप किसी समय अपमान कर्ता के साथ रहे हो,
- आप इस समय अमरीका में अवश्य रह रहे हों अगर अपमान कर्ता अमरीका की सरकार में या वर्दी धारी नौकरी न करता हो अथवा अपमान अमरीका में हुआ हो,
- यदि आप अपनी पत्नी या पति द्वारा अपमानित हुए हैं तो आप का विवाह सद्भावना एवं
- निष्टापूर्वक हुआ हो, आपका अच्छा नैतिक आचरण हो


**यदि आप के कोई प्रश्न हो तो अप्रवासी वकील से परामर्श अवश्य करें1**

## आवेदन कैसे करें?

**<u>भावा आवेदन पत्र प्रक्रिया का यह सामान्य विवरण है</u>:**

1. भावा की आवश्यकता अनुसार और वकील द्वारा बताये गये सभी दस्तावेज़ इकट्ठे करें1 (इस पुस्तिका के पीछे दस्तावेज़ों की एक आंशिक सूची है)
2. भावा के योग्य होने में सहायक 1-360 फार्म दस्तावेज़ों सहित भर कर वरमोंट सर्विस सेंटर के द्वारा अमेरिकी नागरिकता और अप्रवासी सेवाओं के दफ्तर में भेजें1
3. आवेदन फीस जमा कराएं, यदि आप फीस देने में असमर्थ हैं तो फीस माफी के लिए प्रार्थना पत्र दें1
4. यदि आप की अर्जी स्वीकार हो जाती है तो आप इस घोषणा के साथ एक पत्र प्राप्त करेंगे कि आप वावा की मुख्य आवश्यकताओं के योग्य हैं और वी एस सी आप को निर्वासन में विलम्ब करने का एक अंतिम स्वीकृत सूचना (फार्म -797) भेजेगा1
5. स्वीकृत सूचना पत्र प्राप्त करने बाद आप ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए अपने स्तर में उचित फेर बदल के लिए कदम उठा सकते हैं1 योग्यता संबन्धी विशिष्ट आवश्यकताओं के विषय में किसी वकील से विस्तार से बात करें1

नोट: याचिका की प्रक्रिया का समय अलग अलग होगा1



**आप को यह सब अकेले नहीं करना है1 प्रतिनिधि और वकील पूरा समय आप की सहायता के लिए उपलब्ध हैं1**

## कार्य आरम्भ करने के लिए क्या करना चाहिए?

भावा प्रक्रिया के लिए आप को कुछ दस्तावेज़ तैयार करने हैं1 इन सब दस्तावेज़ों को सुरक्षित स्थान पर रखें और हो सके तो इन की कापियां भी बनाएं1 इन्हें ऐसे स्थान पर रखें कि अपमान कर्ता ना पा सकें1 यह संपूर्ण सूची नहीं है, इस लिए वकील से अवश्य पूँछें कि और क्या चाहिए1

- **शादी का प्रमाणपत्र**
- **मृत्यु का प्रमाणपत्र अथवा जरूरत हो तो तलाक का आदेशपत्र**
- **जन्म का प्रमाणपत्र (यदि अपमान कर्ता बच्चा या मां बाप है)**
- **अपमानकर्ता अमरीका का नागरिक या कानूनी रूप से स्थायी निवासी है, का प्रमाणपत्र:**
  - -अमरीका में जन्म का प्रमाणपत्र/पासपोर्ट
  - -नागरिकता का प्रमाणपत्र
  - -1-130 की स्वीकृति सूचना
  - -ग्रीन कार्ड
- **इस बात का प्रमाण कि आप अपमानकर्ता के साथ रहे हैं:**
  - -संयुक्त ठेका
  - -उप भुक्त बिल
  - -चिकित्सा सम्बन्धी रिकार्ड
  - -जायदाद सम्बंधी विलेख
  - -कर विवरण
  - -मकान मालिक या पडोसी का बयान
- **इस बात का प्रमाण कि आप की शादी निष्ठापूर्वक हुई है:**
  - -रिश्तेदारों और मित्रों के शपथ पत्र
  - -शादी की या परिवार की तस्वीरें
  - -विवाह के दौरान पैदा हुए बच्चों के जन्म के प्रमाण पत्र
  - -आय कर विवरण
  - -संयुक्त ठेका,विलेख,या बैंक खाता
- **इस बात का प्रमाण कि आप के साथ दुर्व्यवहार हुआ:**
  - -निजी बयान
  - -उन लोगों का शपथ पत्र जिन्होने दुर्व्यवहार होते देखा
  - -सुरक्षा आदेश
  - -पुलिस रिपोर्ट
  - -अपमान कर्ता द्वारा दी गई चोटों की तस्वीरें
  - -फौजदारी अदालत के रिकार्ड
  - -चिकित्सा के रिकार्ड
- **आप के नैतिक आचरण के प्रमाण:**
  - -निजी बयान/शपथ नामा
  - -निर्दोष फौजदारी रिकार्ड
  - -आपका समाज सेवा का रिकार्ड

## हम कैसे सहायता कर सकते हैं?

***नीचे लिखें कुछ तरीक़ों से वकील आप की सहायता कर सकते हैं:***

- भावा के योग्य होने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ इकठे करने में आप की मदद कर सकते हैं1
- आप के संपर्क कर्ता के रूप में ताकि यू एस सी आई एस से आई आप की सारी डाक आप के घर जाने की बजाय आप के वकील के पास पहुंचेगी1 यह अपमानकर्ता का आप की भावा अपील के विषय में जानने का खतरा कम करता है1
- आप को भावा प्रक्रिया विस्तार से समझांयेगे क्योंकि ये आप के विशिष्ट हालातों में आप के साथ हैं1
- उचित अप्रवासी फार्म भरेंगे और याचिका दायर करेंगे1
- पूरी प्रक्रिया के दौरान हर उचित उपाय के विषय में परामर्श देंगे और आप का मार्गदर्शन करेंगे1
- आप को घरेलू हिंसा और आप्रवासी मामलों में मदद करने वाली एजेंसिओं से मिलवाएंगे जो आप को अपमान कर्ता से आजादी दिलवाने में गैरकानूनी तरीके से सहायता कर सकती है1

### कानूनी सहायता क लिए संपर्क करें:


**एशियन पेसिफिक अमेरिकन**

**लीगल रिसोर्स सेंटर**

**(202) 393-3572**

अँग्रेज़ी: X 22

चाईनीज़ X 18

हिन्दी/उर्दू : X 19

वियेतमीज़: X 20


**सेवायें प्रदान करते हैं:**

मेरीलैंड

डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया

नोरदर्न वरजीनिया

**एशियन पेसिफिक अमेरिकन**

**लीगल रिसोर्स सेंटर**

# Violence Against Women Act (VAWA)

# औरतों के विरुद्ध हिंसा सम्बन्धी कानून



APA LRC

www.apalrc.org